卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 89 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦6 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रखी पतंजलि गुरुकुलम् की आधारशिला

हरिद्वार (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय में 'गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम' के शिलान्यास समारोह में शामिल होने पहुंचे। रक्षामंत्री ने भव्य समारोह में पतंजलि गुरुकुलम् की आधारशिला रखी। 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पतंजलि गुरुकुलम के नए सात मंजिला परिसर में करीब 1500 छात्रों के लिए आवासीय सुविधाएं भी होंगी। शिलान्यास समारोह में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पंतजलि गुरूकुलम के शिन्यास पर शुभकामनाएं दी और इसे ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि गुरूकुलम भारतीय (शेष पृष्ठ सात पर)




## होटल में विदेशी महिला का शव मिलने से हड़कम्प

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। तपोवन क्षेत्र के होटल राज रिजॉर्ट में विदेशी महिला का शव मिलने से हड़कम्पम च गया। बताया जा रहा है कि विदेशी पर्यटकों का एक ग्रुप मेडिटेशन के लिए ऋषिकेश आया हुआ था। मृतका भी इसी ग्रुप में शामिल थी। महिला तीन जनवरी को अपने ग्रुप से अलग हो गई थी।जानकारी के मुताबिक तपोवन क्षेत्र के होटल राज रिजॉर्ट के एक कमरे में विदेशी महिला का शव एसी के तार से लटका हुआ मिला। महिला मेडिटेशन के लिए उत्तराखंड आई हुई थी। महिला की पहचान 32 वर्षीय एसुल्लयू करमानालिवा के रूप में हुई है। पुलिस ने दूतावास के माध्यम से महिला के परिजनों को इसकी जानकारी दे दी है। पुलिस मामले की जांच प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान कर कर रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को एन्यूरा एब्येशेवा निवासी किर्गिस्तान गणराज्य ने सत्य साधना संस्थान तपोवन की महिला नव्या के माध्यम मुनिकीरेती थाने में जानकारी दी कि उनकी साथी एसुल्लयू करमानालिवा ने तीन जनवरी को उनके साथ होटल हॉलिडे होम में चेक इन किया और अपना सामान रखा था। जिसके बाद वो बाहर घूमने चली गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। जब साथियों ने उसे कॉल किया तो उसका (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने गर्लफ्रैण्ड पर फैंका तेजाब, गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। केरल से दून आकर युवक ने महिला मित्र पर तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि महिला मित्र के संपर्क तोड़ने से युवक नाराज था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के अनुसार आरोपित व युवती पूर्व में बेंगलुरू में एक साथ पढ़ाई करते थे। बेंगलुरू में ही दोनों की पहचान हुई। पढ़ाई पूरी कर युवती वापस अपने घर देहरादून के डोईवाला आ गई और जौलीग्रांट स्थित अस्पताल में कार्य करने लगी। शुक्रवार को आरोपित दिल्ली से कार में जौलीग्रांट स्थित अस्पताल पहुंचा और युवती पर तेजाब फेंक दिया। गनीमत रही कि युवती ने अपना तुरंत बचाव कर लिया, जिससे उसके ऊपर तेजाब नहीं गिर पाया। इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। जब यह घटना युवती के स्वजन को पता चली तो वह युवक को ढूंढने लगे। जिस पर युवक रायपुर–थानो मार्ग पर अपनी कार लेकर तेजी से चलाते हुए भागने लगा। इस दौरान वह कुछ गाड़ियों से टकराता हुआ भी बाल–बाल बचा। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने के बाद सभी थाना क्षेत्रों में सूचना प्रेषित कर दी। जिसके बाद आरोपित को रायवाला पुलिस ने रायवाला क्षेत्र से गिरफ्तार कर डोईवाला कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोपित की पहचान 35 वर्षीय रियास पीपी निवासी कुनयील किजुहुपरामबा केरल के (शेष पृष्ठ सात पर)

## भूसी की ढेर में दबकर मजदूर की मौत, हड़कंप

### हनीफ इंडस्ट्रीज में घटित हुआ हादसा, कर्मचारियों में अफरा तफरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। जसपुर के एक राइस मिल में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले एक व्यक्ति की भूसी के ढेर में दबकर मौत हो गई। देर रात स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के परिजन घटना को हादसा नहीं बल्कि मिल प्रबंधन की घोर लापरवाही मान रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला गुजरातियान जसपुर निवासी विमल कुमार 53 वर्ष पुत्र छोटेलाल माली पिछले लगभग 12 वर्षों के करीब से ग्राम किशनपुर स्थित मोहम्मद हनीफ इंडस्ट्रीज नामक राइस मिल में दिहाड़ी मजदूरी किया करता है। पता चला है कि रोजाना की भांति गति शुक्रवार को भी वह दिन ड्यूटी में था अपराह्न बाद 2 बजे भोजन अवकाश के उपरांत अचानक मजदूर के ऊपर भूसी का पहाड़ गिर पड़ा जिसके नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। प्रबंधन को जैसे ही इसका (शेष पृष्ठ सात पर)




### मानकों को ताक पर रखकर चल रही है राइस मिल

काशीपुर। मोहम्मद हनीफ इंडस्ट्रीज नामक राइस मिल में घटित हुई इस घटना ने फैक्ट्री प्रबंधन के सुरक्षा के सभी दावों की पोल खोल दी। जानकार बताते हैं कि ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण प्रबंधन की ओर से उपलब्ध नहीं कराए जाते। यानी उक्त पेपर मिल मैं प्रबंधन जानबूझकर मजदूरों की जान जोखिम में डाल रहा है। राइस मिल के एक कर्मचारी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## लाखों की धोखाधड़ी कर थमाये फर्जी दस्तावेज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लाखों रूपये उधार लेने के बाद पिता पुत्र ने अपनी भूमि के फर्जी खतोनी दस्तावेज सौंपकर रूपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। दर्ज रपट में रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. सुरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव,निवासी–एलायंस कालोनी रुद्रपुर ने शंकर सिंह पुत्र कल्लू सिंह व अजय सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासीगण ललपुरी, पोस्ट मजरा आनन्द सिंह गदरपुर के विरूद्ध कहा है कि उसके उत्तराखण्ड जल संस्थान के कार्यालय रुद्रपुर में शंकर सिंह द्वारा अपनी एक बुलेरो गाड़ी संख्या यूके 06ए ̆2465 संविदा के आधार पर किराये पर चलाया जा रहा था। उसका पुत्र अजय सिंह वाहन को चलाता था। शंकर सिंह एवं उसके पुत्र अजय सिंह दोनो ने आपस में एकराय होकर उससे 6,72,000 रूपये बतौर कर्ज 15 ासितम्बर 2020 तक ले लिए थे। उसे एक रसीद भी 21अक्टूबर 2020 को स्टाम्प पर तहरीर कर दी। इसी के साथ अपना आधार कार्ड तथा बुलेरो गाड़ी एवं ट्रैक्टर की आरसी की छायाप्रति भी उसे सौंपी थी। रूपये वापस मांगने पर शंकर सिंह एवं अजय सिंह दोनो टालमटोल करते रहे। दोनों को धनराशि की वसूली का एक नोटिस भेजा तो शंकर सिंह एवं अजय सिंह उसके घर आये और अनुरोध किया कि उनके विरूद्ध कोई मुकदमा न करे और उन्होंने अपनी कृषि भूमि की खतौनी की एक छायाप्रति देते हुए कहा कि भूमि को वह 5 वर्ष के लिए गिरवी रख लें और अपनी धनराशि चुकता कर लेवें। शंकर सिंह ने उसे 22,000 रूपये नगद देकर कहा कि अब 6,50,000 रूपये बकाया रह गये है जो जमीन गिरवी रखकर पूरे हो सकते है। उसने बाजपुर तहसील में राजस्वकर्मी से बात की तो पता चला कि उक्त शंकर सिंह के नाम इतनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'वीरू' को राजकीय सम्मान के साथ दी विदाई

देहरादून (उद संवाददाता)। पुलिस विभाग में निरंतर 17 वर्ष सेवा देने वाले वीरू घोड़े को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। कनखल बैरागी कैंप में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल और वीसी एचआरडीए अंशुल कुमार एवं अन्य पुलिस ऑफिसर्स भी सम्मिलित हुए। 18 मार्च 2023 को पुलिस विभाग का अंग बने वीरू का 21 वर्ष 03 माह की आयु में लैमिनाईटिस रोग से ग्रसित होने के कारण मृत्यु हो गई। वीरू की तैनाती वर्ष 2023 तक जनपद देहरादून में रही और पिछले वर्ष मार्च में हरिद्वार स्थानांतरित किया गया था। वीरू अश्व वर्ष 2017 से वर्ष 2020 तक राज्य स्थापना दिवस परेड में कमांड में लगाया जाता था। इसके अतिरिक्त वर्ष 2010 महाकुंभ, वर्ष 2016 अर्धकुंभ, वर्ष 2021 कांवड़ मेला, विधानसभा सत्र ड्यूटी सहित विभिन्न अवसरों पर भी अपनी सेवाएं दी थीं।



## घर का ताला तोड़कर स्कूटी और सामान चोरी

काशीपुर(उदसंवाददाता)। अज्ञात चोर एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर वहां से एक स्कूटी और हजारों रुपए मूल्य का सामान चोरी कर ले गए। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में जसपुर खुर्द पशुपति बिहार निवासी हरीश चंद्र ने कहा है कि 26 दिसंबर, 2023 को वह अपने ग्राम मल्ला मटेला, अल्मोड़ा गया था। उसकी अनुपस्थिति में अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर वहां रखी स्कूटी संख्या यूके01बी 9348 और कुछ बर्तन चोरी कर ले (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला पुलिस कर्मी से डेढ़ लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक राष्ट्रीय बैंक का मेटलाईफ प्रतिनिधि बनकर महिला पुलिसकर्मी पोलिसी धारक से 1.50 लाख रूपये ठग लिए गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में जानकी देवी पत्नी स्व. पूरन सिह डसीला निवासी 31 वी वाहिनी पीएसी रूद्रपुर ने कहा है कि उसकी एक बैंक में बीमेटलाईफ की एक बीमा पाँलिसी है। 18 अगस्त 2023 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके मोबाईल पर काल कर अपने आप को मेटलाईफ का प्रतिनिधि बताया। उसने कहा आपकी पाँलिसी से सम्बन्धित सभी सूचनाऐ आपके ऐजेण्ट के नम्बर पर जा रही है । इसको सही कराने के लिये आप कम्पलेन दर्ज करायें । जिसके पश्चात उक्त अज्ञात व्यक्ति ने कम्पलेन नम्बर उपलब्ध कराया और कहा इस नम्बर का आपको डिपार्टमेण्ट मैनेजर राजीव मल्होत्रा को देना होगा तथा एक मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराया । उक्त नम्बर पर काल करने पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन उठाया जिसने अपना नाम राजीव मल्होत्रा मेटलाईफ से बताया जिसके द्वारा बीमा पाँलिसी की किस्त के बारे में पूछा गया तथा कम्पलेन नम्बर के बारे में अपनी बेटी का नम्बर दे दिया । इसके पश्चात उसकी बेटी के मोबाईल पर काल आया पुत्री से कम्पलेन नम्बर मांगा जिस पर पुत्री ने कम्पलेन उक्त अज्ञात व्यक्ति को उपलब्ध करा दिया । उक्त व्यक्ति ने बताया गया आपकी पाँलिसी कम्पलेन की वजह से बन्द कर दी गयी है । अगर पालिसी का पैसा चाहिए तो नयी यूजर आईडी बनानी पडेगी ।उसने बताया नयी यूजर आईडी बनाने के पश्चात एक्टिवेट करने के लिये 50 हजार रूपये बैंक के खाता में जमा कराने होगे । उक्त धनराशी उपरोक्त खाते में साईबर कैफे के माध्यम से भेजे गये । इसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा काल आया । जिसने बताया कि पोलिसी का पैसा चाहिए तो आपको दो प्रिमियम भरने (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा सिडकुल का लेखाकार

सितारगंज(उद संवाददाता)। सतर्कता अधिष्ठान उत्तराखण्ड द्वारा सिडकुल सितारगंज के सहायक लेखाकार को 9 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। सतर्कता अधिष्ठान ने शिकायत के बाद तत्परता से तत्काल ट्रैप टीम का गठन कर लेखाकार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता द्वारा सिडकुल में 2 प्लॉट के लिए आवेदन किया गया था, जिसका आवंटन होने एवं पूर्ण भुगतान करने के बाद रजिस्ट्री की एनओसी उपलब्ध कराने के एवज में आर.एम. सिडकुल, सितारगंज के कार्यालय में तैनात अकाउन्टेन्ट उमेश कुमार जोशी पुत्र प्रकाश जोशी निवासी चांदमारी काठगोदाम हल्द्वानी नैनीताल ने रिश्वत की मांग की थी। शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी द्वारा गोपनीय जाँच किए जाने पर प्रथम दृष्टतया सही पाए जाने पर तत्काल ट्रैप टीम का गठन किया (शेष पृष्ठ सात पर)



# सीएम ने दिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में क्रैश बैरियर और सड़कों के किनारे वृक्षारोपण करवाने का निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से बस टर्मिनल को स्वच्छ और आधुनिक बनाए जाने के साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में क्रैश बैरियर और सड़कों के किनारे वृक्षारोपण करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों की फिटनेस का ध्यान रखा जाए। वाहन चालकों के प्रशिक्षण और मेडिकल की भी सुमुचित व्यवस्था की जाए। यातायात नियमों के प्रति लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। जन सुरक्षा की दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्रों में नए वाहनों की व्यवस्था की जाए। उत्तराखण्ड में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही है। राज्य में जो भी नए बस टर्मिनल बनाए जा रहे हैं, उनमें यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाया जाए। सभी बस टर्मिनल पर स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम की वित्तीय स्थिति में पिछले दो साल में लगातार सुध



र आया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में निगम को 29.06 करोड़ रुपये का फायदा हुआ था जबकि इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 27 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण समिति श्री विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव परिवहन श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, एमडी उत्तराखण्ड परिवहन निगम डॉ. आनंद श्रीवास्तव, परिवहन विभाग और परिवहन निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने सुनी पूर्व सैनिकों की समस्याएं

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याएं सुनी और उनके हर संभव निवारण का आश्वासन दिया। राज्यपाल द्वारा राजभवन में पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान हेतु समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इससे पूर्व उन्होंने 03 बार इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए हैं। आज विभिन्न जनपदों के दूरस्थ क्षेत्रों से 10 लोगों द्वारा अपनी-अपनी शिकायतें/ समस्याएं राज्यपाल के सम्मुख रखी गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों द्वारा ई.सी.एच.एस सुविधाएं नहीं मिलने, उपनल में नियुक्ति से संबंधित, पेयजल की समस्या से संबंधित, गांव के विकास कार्यों और आर्थिक सहायता व अन्य प्रकार की समस्याएं राज्यपाल के सम्मुख रखी गई। राज्यपाल ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उचित कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया। राज्यपाल ने कहा कि सभी समस्याओं को नियमानुसार यथाशीघ्र निवारण सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने शिकायत निवारण अधिकारी को उक्त समस्याओं हेतु संबंधित जिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को तत्काल सूचित करते हुए समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि सभी समस्याओं का निश्चित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारे जवान विषम परिस्थितियों में पूरी निष्ठा व तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं उनके परिवार की देखभाल और उनकी सहायता करना हमारा कर्तव्य है।



# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म कर किया गर्भपात, युवक गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। नाबालिग बेटी की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पहुंचने पर जांच कर डॉक्टर ने जो बताया उसे सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। दरअसल, एक युवक ने नाबालिग से दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हो गई। आरोपी ने नाबालिग को गर्भपात की दवा भी खिला दी। जिससे उनका गर्भपात हो गया। गर्भपात होने पर पता चला कि युवक ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म किया था। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो, दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी देने, गर्भपात कराने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक आजम मूल रूप से शेरकोट नजीबाबाद उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। वह सहसपुर क्षेत्र में किराए पर रहता है। वह वेल्डिंग का काम करता है। आरोप है कि उसने क्षेत्र की एक 15 वर्षीय किशोरी को डरा धमका कर करीब दो माह पूर्व दुष्कर्म किया। उसके बाद भी उसने नाबालिग से कई बार दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर नाबालिग को गर्भपात की दवा खिला दी। बीते बुधवार को नाबालिग की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिस पर परिजन आनन-फानन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि नाबालिग का गर्भपात हुआ है। पीड़िता ने परिजनों को बताया कि आरोपी ने दो बार गर्भपात की दवा खिलाई। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। बृहस्पतिवार की रात को परिजन सहसपुर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। थाना प्रभारी गिरीश नेगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता का मेडिकल करा दिया गया है। कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे। बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# छात्रों को पीटा, फिर ठंडे पानी से नहलाकर वीडियो बनाया, प्रधानाध्यापक निलंबित

देहरादून। जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) ने जूनियर हाईस्कूल रूद्रपुर के प्रधानाध्यापक संजय कुमार प्रजापति को निलंबित कर दिया है। उनपर छात्रों को पीटने, ठंडे पानी में नहलाकर वीडियो बनाने और शिक्षकों से अभद्रता जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, प्रधानाध्यापक ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। प्रधानाध्यापक के पास संकुल समन्वयक का भी प्रभार था। बीईओ विकासनगर बीपी सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापक के खिलाफ स्थानीय प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और शिक्षकों ने शिकायत की थी। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने जीआईसी छरबा और होरावाला के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की। प्रधानाध्यापक को आरोप बताकर जवाब मांगा गया तो उन्होंने सिरे से नकार दिया। इसके बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर जीआईसी गुनियावाला के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में बीते साल 22 दिसंबर को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रधानाध्यापक साथी शिक्षकों से अभद्र व्यवहार करते हैं। मानसिक उत्पीड़न भी करते हैं। परिचारक ने भी प्रधानाध्यापक को लेकर नकारात्मक तथ्य रखे। भोजन माताओं ने समय पर मानदेय न मिलने की बात कही। छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रधानाध्यापक गणित पढ़ाते हैं। वे अक्सर विद्यालय नहीं आते हैं। पठन-पाठन का कार्य भी सही ढंग से नहीं कराते हैं। कक्षा-8 में दूसरे पाठ से सीधे आठवें पाठ को पढ़ाना शुरू कर दिया। विद्यालय में धूम्रपान भी करते हैं। कक्षा-8 के छात्र अर्श ने बताया कि प्रधानाध्यापक ने उसे डंडे से मारा। उसकी कलाई में घाव हो गया। इलाज चल रहा है। कक्षा-8 के छात्र आकाश, कक्षा-7 के छात्र विनीत थापा व अमन ने बताया कि उन्हें खुले में नहलाया गया। इसका वीडियो भी बनाया गया।

# भाजपा नेता की बेटी पर केरल के युवक ने फेंका तेजाब, गिरफ्तार

ऋषिकेश। बंगलुरू में पढ़ाई के दौरान युवक युवती को फेसबुक व इंस्टाग्राम के माध्यम से मिला था। धीरे-धीरे दोनों में बात बढ़ी। इसके बाद वह वापस घर आ गई। लेकिन युवक ने यहां पहुंचकर उसपर हमला कर दिया। जौलीग्रांट क्षेत्र में एक पूर्व ग्राम प्रधान और भाजपा नेता की बेटी के साथ केरल के एक युवक ने अभद्रता की और तेजाब से हमला किया। युवती बाल-बाल बच गई। युवक ने युवती के परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी। युवती की तहरीर पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक दिल्ली से कार लेकर जौलीग्रांट पहुंचा था। शुक्रवार सुबह युवती जौलीग्रांट में ड्यूटी पर जा रही थी तो आरोपी युवक ने हाथ खींचकर अभद्रता की और तेजाब फेंका। युवती अपने स्थान से हटकर अपने आप को बचाई। तेजाब नीचे गिर गया। आसपास लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी भाग खड़ा हुआ। सूचना पाकर पुलिस और स्थानीय युवकों की टीम क्षेत्र में आरोपी की तलाश करने लगी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस टीम को युवक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस को दी तहरीर में युवती ने कहा है कि बंगलुरू में पढ़ाई के दौरान रियास पीपी पुत्र मौहम्मद, निवासी-पल्लीप्परामबा, कुनयील किजुहूपरामबा, केरल उससे फेसबुक व इंस्टाग्राम के माध्यम से मिला था। धीरे-धीरे उसने युवती को फेसबुक व इंस्टाग्राम में फॉलो करना शुरू कर दिया। जून 2023 में जब युवती देहरादून आ गई तो आरोपी उससे फोन पर संपर्क करता था। युवती को फोटोग्राफ्स के माध्यम से परेशान करने लगा। आरोपी ने युवती से कहा कि यदि उससे बात करना बंद किया तो उसे जान से मार देगा। चौकी इंचार्ज जौलीग्रांट सुमित चौधरी ने कहा युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। जिस पर उचित कार्रवाई की जा रही है।

# रिजॉर्ट के कमरे लटका मिला विदेशी पर्यटक महिला का शव

ऋषिकेश। ऋषिकेश के तपोवन क्षेत्र के होटल राज रिजॉर्ट के कमरे में एसी के तार से विदेशी महिला का शव लटका मिला है। बताया जा रहा है कि मेडिटेशन के लिए विदेशी पर्यटकों का ग्रुप ऋषिकेश आया हुआ था। महिला बीते तीन जनवरी को अपने ग्रुप से अलग हो गई थी। पुलिस ने दूतावास के माध्यम से परिजनों को घटना से सूचित कर दिया है। पुलिस मामले को प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मान कर जांच कर रही है। शुक्रवार को किर्गिस्तान गणराज्य निवासी एन्यूरा एब्येशेवा ने सत्य साधना संस्थान तपोवन की महिला नव्या के माध्यम से थाना मुनिकीरेती को सूचना दी। इसमें बताया कि उनके साथ की एसुल्लयू करमानालिवा (32) ने बीते तीन जनवरी को होटल हॉलिडे होम में चेक इन किया। उसके बाद अपना सामान रखा और बाहर चली गई। फिर वापस नहीं लौटी और उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है। तब से ये लोग उसकी तलाश कर रहे हैं। उधर, राज रिजॉर्ट प्रबंधन ने भी शुक्रवार को सूचना दी कि उनके होटल में एक विदेशी महिला का शव लटका है। सूचना पर थाना मुनिकीरेती के एसएसआई योगेश पांडेय, चौकी प्रभारी तपोवन दीपिका तिवारी मौके पर पहुंचे। तार से लटके महिला के शव की पहचान लापता एसुल्लयू करमानालिवा के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक रितेश साह ने बताया कि दूतावास के माध्यम से महिला के परिजनों को सूचना भेजी जा रही है। एन्यूरा के अनुसार, 12 दिसंबर को दिल्ली से 10 विदेशियों का दल तपोवन पहुंचा। यहां सभी लोग संस्थान में मेडिटेशन के लिए रुके थे। दो जनवरी को मेडिटेशन कोर्स समाप्त होने के बाद सभी होटल आयुष्मन रिट्रीट में रुके। तीन जनवरी को एसुल्लयू ने होटल हॉलिडे होम में चेकइन किया था। फिर कहीं लापता हो गई। उसका सारा सामान अब भी होटल हॉलिडे होम में रखा है। एसुल्लयू का होटल राज रिजॉर्ट में कोई एंट्री नहीं है। एसएसआई योगेश ने बताया कि संभावना जताई जा रही है कि यहां उक्त महिला घूमते-घूमते पहुंची थी। होटलकर्मियों ने पुलिस को बताया कि होटल के कमरे बंद नहीं रहते हैं। ऐसे में महिला कमरे में चली गई होगी। महिला उक्त होटल के कमरे में कब आई, इस बात की जानकारी के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# साले की हत्या करने वाले आरोपी जीजा सहित तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिद्वार। बुग्गावाला थाना क्षेत्र में युवक की हत्या उसके जीजा ने ही संपत्ति कब्जाने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। इसके बाद शव को रेत में दबाकर आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी जीजा सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आईजी गढ़वाल और एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। शुक्रवार को सीसीआर सभागार में आईजी गढ़वाल करण सिंह नगन्याल ने पत्रकार वार्ता कर हत्याकांड का पर्दाफाश किया। आईजी ने बताया कि 30 दिसंबर को बुग्गावाला थाना क्षेत्र के तेलपुरा नदी के किनारे रेत में शव बरामद हुआ था। शिनाख्त न होने पर शव को मोर्चरी में भिजवा दिया था। दो जनवरी को मकसूद निवासी सिरचांदी भगवानपुर ने शिनाख्त अपने पुत्र मुकीम के रूप में की थी। पिता की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया था। सीआईयू व पुलिस टीमें जांच में जुटी थीं। खोजबीन करते हुए 48 घंटे के भीतर शेरपुर अड्डा बिहारीगढ़ सहारनपुर से हत्या के आरोपी अमजद निवासी शेरपुर खानाजादपुर थाना बिहारीगढ़ जिला सहारनपुर, साईर अली उर्फ छोटा निवासी मुकर्रमपुर कालावाला थाना भगवानपुर, गुफरान निवासी शेरपुर खानाजादपुर थाना बिहारीगढ़ जिला सहारनपुर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिया। एसएसपी ने बताया कि मुकीम अपने पिता का इकलौता बेटा था। पिता के पास मुनाफे वाली बहुत जमीन थी। मुकीम के जीजा अमजद ने षड्यंत्र रचकर जमीन की वसीयत अपने नाम करवा ली थी। मुकीम की शादी तय होने का पता चलने पर अमजद को लगा कि संपत्ति अब हाथ से निकल गई। इसलिए उसने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 29 दिसंबर की रात मुकीम को बुलाया। आरोपियों ने मिलकर पहले शराब पी और जबरन मुकीम को पिलाई। इसके बाद तेलपुरा नदी पर ले जाकर दो आरोपियों ने हाथ, पैर पकड़े और एक ने गमछे से गला घोंटा। अधमरा होने पर गाड़ी खींचने वाली चेन के बोल्ट को इसके गले में घोंपकर हत्या कर दी। बुग्गावाला एसओ मनोज शर्मा ने बताया कि आरोपी अमजद के खिलाफ बिहारीगढ़ थाने में डकैती और गुंडा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। साईर अली के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आर्म्स एक्ट, चोरी के मामले में दो मुकदमे दर्ज हैं।

# एम्स ऋषिकेश में हुए करोड़ों के घोटाले में दाखिल की चार्जशीट

देहरादून। एम्स ऋषिकेश में हुए करोड़ों के घोटाले में सीबीआई ने पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। एम्स में रोड स्वीपिंग मशीन और दवा खरीद में करोड़ों का घोटाला हुआ था। आरोप यह भी है कि केमिस्ट शॉप के आवंटन में टेंडर प्रक्रिया में भी करीब साढ़े चार करोड़ रुपये का घोटाला किया गया था। इन सब को लेकर सीबीआई ने तत्कालीन माइक्रोबॉयालॉजी विभाग के तत्कालीन प्रोफेसर समेत नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की जांच के बाद अब सीबीआई ने गत दो जनवरी को माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तत्कालीन प्रोफेसर डॉ. बलराम ओमर, एनाटॉमी विभाग के तत्कालीन प्रोफेसर डॉ. बृजेंद्र सिंह, तत्कालीन सहायक प्रोफेसर अनुभा अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी शाशिकांत और लेखाधिकारी दीपक जोशी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। सीबीआई की टीम ने तीन फरवरी 2022 को एम्स ऋषिकेश में दबिश दी। यह कार्रवाई सात फरवरी 2022 तक चली। इसके बाद टीम 22 अप्रैल 2022 को फिर से टीम एम्स पहुंची और कई दस्तावेज खंगालने के बाद स्वीपिंग मशीन खरीद और मेडिकल स्टोर आवंटन में 4.41 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश किया। इसके बाद सीबीआई ने एम्स के पांच अधिकारियों समेत नौ लोगों पर मुकदमे दर्ज किए थे। जांच में सामने आया है कि स्वीपिंग मशीन खरीदने के लिए एम्स में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। कमेटी में डॉ. बलराम जी ओमर, डॉ. बृजेंद्र सिंह, डॉ. अनुभा अग्रवाल, दीपक जोशी व शशिकांत शामिल थे। आरोप है कि निविदा प्रक्रिया में घपलेबाजी करते हुए कमेटी ने योग्य कंपनी को बाहर करते हुए अयोग्य कंपनी को टेंडर दिया और दो करोड़ रुपये की मशीन खरीदी, जो कुछ ही घंटे ही चली। इसी तरह एम्स में केमिस्ट की दुकान का टेंडर आवंटित करने में अनियमितता बरती गई। टेंडर प्रक्रिया के विपरीत मैसर्स त्रिवेणी सेवा फार्मेसी को टेंडर आवंटित किया गया।

# लाइसेंस समाप्त होने के बावजूद कैसे चल रहा टिहरी झील में होटल?

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टिहरी झील में फ्लोटिंग हट व फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की ओर से मांसाहारी भोजन व मलमूत्र डाले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने सरकार से पूछा कि होटल का लाइसेंस समाप्त होने के बावजूद यह कैसे संचालित हो रहा रहा था, इसका जवाब दें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ जनवरी की तिथि नियत की है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने शपथपत्र में कहा कि 31 मार्च 2023 को संचालित होटल ले रियो का लाइसेंस समाप्त हो गया था। इसे रिन्यू कराने के लिए संचालक ने 21 दिसंबर 2023 को आवेदन किया था। आवेदन के बाद पीसीबी ने एक जनवरी 2024 को इसके संचालन के लिए लाइसेंस जारी किया। इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि लाइसेंस समाप्त होने से दो माह पूर्व नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाना था, जो होटल स्वामी ने नहीं किया। कोर्ट ने पीसीबी की रिपोर्ट पर सरकार से जवाब तलब किया है। नवीन सिंह राणा स्वर्गआश्रम जोंक जिला पौड़ी गढ़वाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टिहरी में गंगा पर फ्लोटिंग हट व फ्लोटिंग रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति दी थी। लेकिन संचालक अनुमति का गलत उपयोग कर रहे हैं। कई रेस्टोरेंट संचालक मांसाहारी भोजन बनवाकर उसका वेस्ट पवित्र गंगा में डाल रहे हैं। फ्लोटिंग हट में रहने वाले लोगों का मलमूत्र भी गंगा में डाला जा रहा है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया कि राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लाइसेंस देकर करोड़ों सनातनियों की भावनाओ के साथ खिलवाड़ किया है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# प्रकाश पर्व पर धूमधाम से निकला विशाल नगर कीर्तन





गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती पर विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन का जगह जगह जोरदार स्वागत हुआ। नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंदसर, नवाबगंज ,बिलास पुर की ओर से निकाला गया। इससे पूर्व गुरुद्वारा साहिब में ग्रंथी भाई जसवीर सिंह द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास की गई । बाबा अनूप सिंह द्वारा बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ नगर कीर्तन का शुभारंभ कराया गया । नगर कीर्तन नवाबगंज,बाबे का डेरा, गुरुद्वारा सिंह सभा बिलासपुर, मन्नत गार्डन, रुद्र विलास चीनी मिल, रुद्रपुर, ग्रीन पार्क होते हुए रात 7बजे नवाब गंज पहुंचा । नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी पंच प्यारे,घुड़सवार फौज, खालसा फौज, गुरूद्वारा नवाबगंज के रागी भाई हरजीत सिंह, कविश्री जत्था भाई सतनाम सिंह शौंकी,भाई करनैल सिंह द्वारा कीर्तन एवं इतिहास श्रवण कराते हुए सेवाएं प्रदान की गई ।गतका अखाड़ा की टीमों ने गतके के हैरतअंगेज करतब दिखाये ।शब्द कीर्तनी जत्थे, स्त्री सत्संग सभा सेवा करते श्रद्धालु, पुष्प वर्षा एवं मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा के स्कूली बच्चे शबद कीर्तन करते हुए शामिल हुए नगर कीर्तन में जगह-जगह ग्रामों के श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा प्रसाद एवं गुरु के लंगर वितरण के साथ सेवा की गई । इस दौरान भारी संख्या में क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

# पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

लोहाघाट (उद संवाददाता)। एसपी चंपावत देवेंद्र पिंचा के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत लोहाघाट थाने के एसओ सुरेंद्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में लोहाघाट पुलिस व एसओजी को 25.38 ग्राम स्मैक के साथ कोली ढेक के एक युवक को दबोचने में सफलता हाथ लगी है। एसपी चंपावत देवन्द्र पींचा ने जानकारी देते हुए बताया गुरूवार रात एक बजे के आसपास लोहाघाट थाने के एसओ सुरेंद्र कोरंगा,एसआई हेमंत कठायत व एसओजी द्वारा लोहाघाट के डेसली बायपास मार्ग पर अभियुक्त पारस सिंह ढेक पुत्र कैलाश सिंह ढेक निवासी कोलीढेक थाना लोहाघाट की तलाशी लेने पर अभियुक्त पारस सिंह के कब्जे से बड़ी मात्रा में 25.38 ग्राम स्मैक बरामद हुई एसपी ने कहा स्मैक बरामद होने पर अभियुक्त पारस सिंह ढेक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना लोहाघाट में धारा 08/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। विवेचना एसआई हरीश प्रसाद द्वारा की जा रही है। अभियुक्त के विरुद्ध



अग्रिम कार्यवाही की जा रही है एसपी ने बताया पूछताछ में युवक ने कई अन्य लोगों के नाम की जानकारी दी है। पुलिस द्वारा उन लोगों की भी जांच करी जा रही है। लोहाघाट एसओ सुरेंद्र कोरंगा ने कहा अभियुक्त नानकमत्ता क्षेत्र से स्मैक खरीद कर लोहाघाट क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेचने के लिए ला रहा था और लंबे समय से क्षेत्र में स्मैक का कारोबार कर रहा था। पुलिस उसे दबोचने की ताक में लगी हुई थी। एसओ कोरंगा ने बताया अभियुक्त इतना शातिर था वह पुलिस से बचने के लिए वाहन से उतरकर खूना बोहरा से पैदल लोहाघाट की ओर आ रहा था तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया मालूम हो कुछ दिन पहले कोली ढेक की महिलाओं ने गांव में बढ़ते स्मैक के कारोबार को रोकने व स्मैक तस्करो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोहाघाट थाने का घिराव करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा था वहीं पुलिस इसे अपनी एक बड़ी सफलता मान रही है। एसओ कोरंगा ने नशे के सौदागरों को चेतावनी देते हुए कहा नशे का काला कारोबार छोड़ दे अन्यथा उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। एसओ ने जनता से अपील करते हुए कहा क्षेत्र में कहीं पर कोइ भी नशे की कोई भी गतिविधि हो रही हो तुरंत पुलिस को सूचना दें। एसपी पिंचा के द्वारा पुलिस टीम को ढाई हजार रुपए ईनाम की घोषणा करी है। पुलिस टीम में सुरेंद्र कोरंगा एसओ लोहाघाट ,मनीष खत्री एसओजी प्रभारी,एस आई हेमंत ,एसआई ललित पांडे (एसओजी), कांस्टेबल अशोक वर्मा ,हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल प्रकाश राणा , कांस्टेबल विनोद जोशी,कांस्टेबल गगन आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष वेंकटेशन का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री एम. वेंकटेशन के नगर आगमन पर एक होटल में देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिला महासचिव सुनिल गुरू, शाखा अध्यक्ष मुकेश राजौरिया, महासचिव सोनू मुल्तानी, मुकेश भगत, रघुवीर, सुनिल राजौरिया, अनिल तने आदि ने अपने समाज के अन्य सदस्यों के साथ



फूल माला व पगड़ी पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देकर समाधान हेतु विस्तार से चर्चा की। तत्पश्चात राज्य मंत्री एम. वेंकटेशन ने अनुसूचित बस्ती खेड़ा कॉलोनी वार्ड 19 में डोर टू डोर जनसंपर्क कर कर्मचारियों की समस्याओं से रूबरू होने का प्रयास किया। जिसके पश्चात कलेक्ट्रेट स्थित एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सफाई कर्मचारियो की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कोटाबाग में एनएसएस शिविर का समापन

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कोटाबाग पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। कॉलेज प्रधानाचार्या विनिता पाठक के निर्देशन में यह शिविर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्यात कोटाबाग में आयोजित हो रहा था। इस दौरान ग्राम प्रधान स्यात रजनी देवी, विद्यालय के



पीटीए अध्यक्ष कृपाल सिंह बिष्ट, नवोदय विद्यालय के प्रवक्ता चेतन प्रकाश तिवारी ने शिविर में संचालित हुए कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी पूजा देवरानी ने नवोदय विद्यालय प्राचार्य व उप प्राचार्य सहित विद्यालय प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं ने तमाम तरह के स्वच्छता और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रेमलता तिवारी, यमुना, थान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 22 जनवरी को शराब व मांस की दुकानें बंद कराने की मांग

टनकपुर (उद संवाददाता)। एबीवीपी के पूर्व जिला सह संयोजक और वर्तमान में नवयुवक रामलीला कमेटी, टनकपुर के सचिव मयंक पंत ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हिंदुओं की आस्था का केन्द्र रहे प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की



जा रही है। सैकड़ो वर्षों के कडे संघर्ष के बाद अब यह पावन समय आया है जिससे हिंदू समाज की भावनाएँ जुडी हुई है। आस्था के इस पावन अवसर पर हिंदू समाज से जुडा प्रत्येक व्यक्ति गौरवान्वित है और आस्था से भरा हुआ है।ऐसे में सभी की आस्था का सम्मान और ध्यान रखते हुए 22 जनवरी 2024 को पूरे प्रदेश में शराब व मांस की दुकाने बंद रखी जाएं। ज्ञापन देने में अशोक पाल, नितिन मंगला, आदि शामिल रहे।

# भुगतान के लिए किसानों से खाते अपडेट करने का आहवान

किच्छा(उद संवाददाता)। सहकारी गन्ना विकास गन्ना समिति के संजीव कुमार चौधरी सचिव प्रभारी किच्छा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि समिति से सम्बन्धित समस्त गन्ना कृषकों को चीनी मिल किच्छा द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान निरन्तर प्राप्त कराया जा रहा है। किंतु अधिकांश कृषकों के बैंक खातें व आई०एफ०सी०कोड० समिति के कम्प्यूटर में अपूर्ण है। जिनके अभाव में गन्ना मूल्य भुगतान करने में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। सभी कृषकों से अनुरोध किया है कि सभी कृषक अपने-अपने बैंक खाते आईएफसीकोड बैंक पासबुक की छायाप्रति सहित कार्यालय के कम्प्यूटर खण्ड/लेखा खण्ड में उपलब्ध करा दें जिससे सभी के कृषकों का गन्ना मूल्य भुगतान समय से किया जा सके। गन्ना समिति के प्रभारी सचिव ने आगे कहा कि चौकी वर्तमान प्राइस सत्र में कृषकों का गन्ना मूल्य भुगतान समय पर करने के लिए सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है तथा गन्ना मूल्य का धनराशि भी एवं मुक्त कर दी गई है किंतु किसानों के खाते-खाते अपडेट ना होने के कारण आरटीजीएस करने में समिति को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा किसानों को भी समय पर उनके गाने का मूल्य प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

# मनरेगा के कार्यों के एवज में दस हजार की रिश्वत लेते जेई को विजिलेंस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर। उत्तराखंड विजिलेंस की और से लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। विजिलेंस की टीम ने ऊधमसिंह नगर जिले में आज दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। काशीपुर ब्लॉक के मनरेगा के संविदा जेई को मनरेगा के कार्यों के एवज में दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री हेल्प लाईन नंबर-1064 पर शिकायत करते हुए कहा कि उसके द्वारा मनरेगा के तहत छह-सात कार्य किए गए है, जिन कार्यों के पैसें आंवटित करने की (एमबी) बनाने के एवज में काशीपुर ब्लॉक के जेई फहीन अहमद ने दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था और भ्रष्ट कर्मचारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई चाहता था। उक्त शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान सैक्टर हल्द्वानी द्वारा गोपनीय जांच किए जाने पर प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर तत्काल ट्रैप टीम का गठन किया गया, टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को काशीपुर ब्लॉक के जेई फहीन अहमद पुत्र रईश अहमद निवासी बाजपुर थाना बाजपुर जिला उधमसिंह नगर को शिकायतकर्ता से दस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ब्लॉक कार्यालय काशीपुर में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त से पूंछताछ जारी है।

# सार्वजनिक स्थानों पर पिलाई जा रही है शराब, महिला बेच रही गांजा

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जहां एक और पुलिस टीम ने जिले भर में सघन तरीके से नशे के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है वहीं दूसरी ओर आईटीआई कुंडा व काशीपुर कोतवाली क्षेत्र के तमाम सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाए जाने के फल स्वरुप झगड़ा फसाद एवं दुर्घटनाओं की आशंका काफी बढ़ गई है। आईटीआई थाना क्षेत्र की बात करें तो चौती चौराहे के समीप खुले मांसाहारी खाद्यान्न के होटलों पर शाम से लेकर देर रात तक खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। जानकार बताते हैं कि शराब हलक से नीचे उतारने के बाद शराबी जमकर उत्पात भी मचाते हैं। कई बार गंभीर तरीके से झगड़ा फसाद की भी नौबत पैदा होती है। चौती चौराहे के समीप सार्वजनिक स्थान पर शराब खोरी के कारण पूर्व में कई बार गंभीर घटनाएं भी घटित हुई है। इसी तरह कोतवाली थाना क्षेत्र में रामनगर रोड पर चीमा चौराहा, पीएम हाउस मोड, महेशपुरा पुलिया, जसपुर बस स्टैंड, बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के सामने मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी समेत तमाम महत्वपूर्ण स्थानों पर खुलेआम शराब पिलाई जाने की सूचना है। इसी तरह कुंडा थाना क्षेत्र के सूर्या मंडी चौकी एवं शिवराजपुर पट्टी चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर कच्ची शराब पीने पिलाने तथा इसके बिक्री की सूचना है। बाजपुर रोड पर एफसीआई (गल्ला गोदाम) के गेट पर खोखा रखकर चाय की दुकान में एक महिला गांजा बेच रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला के तार यूपी के कुछ नशे के बड़े कारोबारियों से जुड़े हैं। लंबे समय से यह महिला गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त बताई जा रही है। चाय की इस दुकान पर अक्सर एक व्यक्ति भी देखा जाता है। नशा सामग्री बेचने के लिए बताया जा रहा है कि इस व्यक्ति ने महिला का सहारा ले रखा है।

# एमके स्क्वायर और रुद्र लायंस ने अपने-अपने मैच जीते

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का मैच द डेन क्रिकेट क्लब काशीपुर में एमके स्क्वायर और किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 164 रन बनाएं। जिसमें संजय सिंह ने 61 और आदित्य सरना ने 37 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। एमके स्क्वायर की तरफ से मोहम्मद नाजिम ने 4 विकेट लिए। लक्ष का पीछा करने उतरी एमके स्क्वायर की टीम ने निधरित ओवरों में 7 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमे कप्तान मोहम्मद नाजिम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 59 गेंद पर 4चौको और 8 छकों की सहायता से नाबाद 83 रन बनाएं । अपने ग्रुप में एमके स्क्वायर स्क्वायर ने अपना दूसरा मैच जीत कर कुल 4 अंक प्राप्त कर लिए हैं । इस मैच के मैन ऑफ द मैच मोहम्मद नाजिम



रहे। मैच के अंपायर नमन ग्रेवाल और गुरजीत सिंह ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद नवाज द्वारा की गई। इस अवसर पर कदिर खान ,संजय सिंह, मोहम्मद इकरार और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आज का दूसरा मैच एमिनिटी स्पोर्ट्र्स ग्राउंड में मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर और रुद्र लायंस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर के मध्य मैच खेला गया। मौसम के कारण यह मैच कुछ देर से शुरू हुआ जिसमें मौर्य क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवरों के खेल में मौर्य क्रिकेट एकेडमी 80 रनों पर ऑल आउट हो गई। रुद्र लायन्स की तरफ से हर्षित शर्मा व योगेश भट्ट ने 3-3 और विकास ने 2 विकेट लिए। लक्ष का पीछा करने का उतरी रुद्र लाइंस की टीम ने मात्र 1 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें उदित शर्मा ने 38 रन, यश शुक्ला ने 33 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। रुद्र लायंस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर में मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर को 9 विकेट से हराकर अपने ग्रुप में 2 अंक प्राप्त कर लिया। इस मैच की अंपायर राजेंद्र और अमन प्रसाद रहे, ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर के द्वारा की गई। इस अवसर पर आफताब आलम, बलवंत सिंह, इंद्र नीलकर , गौरव तिवारी, सुनील यादव ,दीपक सत्येंद्र मिश्रा, दीपक आर्य ,बाबू और तमाम खेलने में उपस्थित है।

# रिपब्लिक डे परेड के लिए चयनित हुआ आरएएन का एनसीसी कैडेट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल का छात्र अर्जव कुलसरी का चयन रिपब्लिक डे परेड के लिए है। अर्जव ने 2 नवम्बर 2023 से 10 दिसम्बर 2023 तक बुचरी देहरादून में आयोजित आई.जी.सी.आर.डी. सी में भाग लिया था। इस



शिविर में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया और एन.सी.सी. (एयर विंग) क्षेत्र में से 14 बच्चों को चयनित किया गया। इन्हीं चयनित विद्यार्थियों में अर्जव कुलसरी भी शामिल है, जिन्हें परेड के लिए चयनित किया गया है। अर्जव की इस उपलब्धि पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर ए. के. राय, विद्यालय संचालक मोहित राय एवं प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने अभिभावक गण को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# साईं एग्रो सीड्स पर नगर कीर्तन का स्वागत



गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु गोविंद सिंह जयंती पर आयोजित नगर कीर्तन का स्वागत करते हुए साईं एग्रो सीड्स गोपाल नगर में फल वितरण करके संगत की सेवा की गई । साईं एग्रो सीड्स के स्वामी सतीश मुंजाल ने गुरु गोविंद सिंह जयंती की सभी संगत को शुभकामनाएं देते हुए गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी के समक्ष नतमस्तक होकर फल प्रसाद वितरण शुरू करवाया। सैकड़ो की संख्या में संगत ने प्रसाद ग्रहण करते हुए सतीश मुंजाल उनके परिवार को शुभकामनाएं प्रदान की,वही ग्रंथी जी द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास के साथ प्रतिष्ठान के सभी वर्करों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई । इस मौके पर राजकुमार गुंबर, राजेंद्र शास्त्री, मुख्तियार सिंह,अनिल गाबा, अनिल मुंजाल, हर्षित गुंबर ,अर्जुन मुंजाल, अनमोल गुंबर,अशोक गांधी, पारस मुंजाल, हरभजन सिंह, राकेश भुसरी, मुकेश गांधी,प्रमोद बजाज, राजीव मुंजाल सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# वृद्धाश्रम में जाना बुजुर्ग महिलाओं का हाल

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर डालनवाला स्थित प्रेम धाम पहुँची, जहाँ उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहीं बुजुर्ग महिलाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने बुजुर्गों को कम्बल भी वितरित किए और सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी।श्रीमती कौर ने आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों से मुलाकात की और उनकी व्यवस्था के बारे में उनसे चर्चा की। उन्होंने वृद्धा आश्रम संचालकों से वृद्धा आश्रम की क्षमता, खाने की व्यवस्था, रूम की सफाई व्यवस्था और उनके मनोरंजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वृद्धजनों के खान-पान से लेकर प्रतिदिन की दिनचर्या और व्यवस्था नियमित करने हेतु आभार भी जताया।



इस दौरान उन्होंने प्रेम धाम वृद्धाश्रम के संचालकों को आश्वासन दिया की जल्द ही वृद्धाश्रम में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा, जिस दौरान दवाइयां इत्यादि भी राजभवन से उपलब्ध करवाई जाएगीं। आर्थिक सहायता के रूप प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने प्रेम धाम वृद्धाश्रम को 51 हजार रुपए सहायता प्रदान की और बुजुर्ग लोगों की सेवा करने हेतु आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर शाल एवं प्रसाद वितरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर संजीव सरना की मौजूदगी में गुरु गोविंद सिंह जयंती पर सतनाम वाहेगुरु जाप करते हुए एक नवजात शिशु की प्रसूता मां सुनीता कौर पत्नी गुरमीत सिंह निवासी ग्राम अलखदेवा को गर्म वस्त्र प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी गई । वहीं मरीजों और स्वास्थ्य केंद्र की वर्करों को शाल भेट करके प्रसाद वितरण किया गया । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश



डालते हुए कहा गया कि गुरू गोविंद सिंह द्वारा सर्व धर्म एकता का अभियान चलाकर जुल्म के खिलाफ सभी वर्ग के लोगों को एकजुट होने का आहवान किया था । इस मौके पर डॉ, राजीव चौहान, डॉ, रिजवान, इंद्रजोत सिंह,सागर धमीजा, गुरमीत सिंह,स्टॉफ नर्स पूनम गुप्ता, पंकज जोशी, सावेज,आशा वर्कर सरस्वती, सुनीता रानी, फूलवती, सरिता रानी,सुनीता कौर,भूपेंद्र कौर,परमजीत कौर ,हरप्रीत कौर आदि शामिल रहे

# लाचार गाय को समाजसेविओं ने पहुंचाया गौशाला

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में करीब साल भर से चोटिल गाय दर्द के साथ जीवन यापन कर रही थी, चोटिल गाय पर क्षेत्र के समाजसेविओं की नजर पड़ी,तत्पश्चात सलाह मसवरा कर सभी एकजुट होकर ठंड से ठिठुरती लाचार, असहाय व अपाहिज गाय को शुक्रवार शाम को पुलिस चौकी इंचार्ज जगदीश चंद्र तिवारी की उपस्थिति में व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, ग्राम प्रधान राजा हालदार, समाजसेवी सुमित मंडल, आरएसएस प्रचारक मनोज विश्वास एवं विशेष तौर पर सहयोग हिंदू रक्षा वाहिनी के सदस्य रवि सरकार, प्रभु शंकर बनर्जी दीपक हालदार, अभिषेक प्रमाणिक, पवित्र सरकार, सरजीत सरदार ,राजीव मंडल सपन पल्ले,असीम सरदार विशाल ढाली आदि ने श्री कृष्णा प्रणामी महाराजा अग्रसेन गौशाला ट्रस्ट सितारगंज पहुँचाया। क्षेत्र के दिवाकर कीर्तुनिया ने गाय के इलाज व गौशाला तक पहुंचाने की सेवा दी।






# प्रकाश पर्व पर गुरुमत समागम में संगत को किया निहाल



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहिब श्री गुर गोबिन्द सिंघ जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों के क्रम में गतदिवस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा मे कीर्तन दरबार गुरमत समागम का आयोजन किया गया। भाई अमरीक सिंघ, भाई राजिंदर सिंघ हजूरी कीर्तनिये के जत्थे ने शबदो का गायन कर संगत को निहाल किया। स्थानीय गुरुद्वारा साहिब के कीर्तनियो ने कीर्तन की हाजरी भरी। खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल के बच्चों ने भी कीर्तन की हाजरी भरी। भाई जसपाल सिंघ, दलजीत सिंघ, नवजोत सिंघ ने भी कीर्तन करा। कवि करमजीत सिंघ नूर, रछपाल सिंघ व सरबजीत कौर ने कविता के माध्यम से गुर इतिहास का वर्णन करा। प्रचारक परविंदर सिंघ सिख मिशनरी कालेज, लुधियाना ने गुरु साहिब के जीवन से जुड़े वर्तान्त बताए और कहा कि गुरु जी ने अपना सारा जीवन मानवता की सेवा कर समाज को किसी भी तरह के डर से न जीने की बात बताई। गुरु साहिब ने सभी के मन मे अपने अपने धर्म मे पक्के रहने का और स्वतंत्रता से जीने का साहस जगाया। गुरु साहिब ने इस बात को सच साबित कर के दिखाया कि चिड़यो से में बाज लड़ाउ,सवा लाख से एक लड़ाउ , तभी गोबिन्द सिंघ नाम कहलाऊँ। गुरु जी ने जात पात, धर्म एवं ऊँच नीच के दिखावटी बंधन को तोड़ कर एक ईश्वर की उपासना करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ष्मानस की जात, सभै ऐकै पहचनबोष गुरु साहिब ने जितनी जंगे लड़ी वह किसी पैसा, जायदाद की लिए नही अपितु मानव अधिकार, हकूमत के जबरन धर्म परिवर्तन व जुल्म के खिलाफ लड़ी। गुरु साहिब किसी भी धर्म के खिलाफ नही थे वह बुराई, अत्याचार के खिलाफ थे।सिख धर्म मानवता का धर्म है जहाँ गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाएं आपस मे प्यार ,सदभाव रहना सिखाती है वही यह बात भी गुरु साहिब ने कही है कि अगर अत्याचारी बातो से न समझे और सारे प्रयत्न असफल हो जाये तो धर्म एवं मजलूम की रक्षा हेतु शस्त्र उठाना सही है। गुरु साहिब की शिक्षाओं के चलते सिख पंथ हमेशा ही मानवता के भले के लिए तत्पर रहता है चाहे वह विश्व के किसी भी कोने में दैविय आपदा हो या अन्य कोई समस्या। हर सिख उस प्रभु के आगे दोनों वक्त सुबह शाम अरदास में ये बोल बोलता हैष नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाड़े सरबत दा भला।भाई जगजीत सिंघ बबिहा ने नाम बिना नही जीवया जाए, राजन के राजा महाराजन के महाराजा, वाह वाह गोबिन्द सिंघ आपे गुर चेला एवं वह प्रगट्यो पुरख भगवंतरूप,गुर गोबिन्द सूरा आदि शबदों का गायन कर संगत को निहाल कर दिया। इस दौरान लंगर, चाय-पानी, सूजी का हलवा व खीर का प्रसाद वितरण हुआ। सिख मिशनरी कॉलेज की तरफ से धार्मिक पुस्तकों का स्टाल व बच्चों के लिए धार्मिक प्रतियोगिता का प्रोग्राम हुआ। गुरु कृपा सोसाइटी जो हल्द्वानी के जरूरत मंद सिख ने भी स्टाल लगाया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री जगजीत सिंघ ने किया।अध्यक्ष सरदार रंजीत सिंघ व नगर कीर्तन इंचार्ज नरेंद्रजीत सिंघ रोडू ने संगत को बधाई दी व गुरपुरब में सेवा करने वाले सेवादारो का आभार जताया। नरेन्द्र जीत सिंघ रोडू का गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा की तरफ से सम्मान किया गया। अंत में आनद साहिब पढ़ के एवं अरदास करके कार्यक्रम का समापन जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल जयघोष के साथ किया। समूह संगत ने गुरु साहिब का धन्यवाद करा। प्रोग्राम में सभी गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार, कमेटी मेंबर रविंदरपाल सिंघ , तजिंदर सिंघ, बलविंदर सिंघ, रविंदर पाल सिंघ, फतेह सिंघ, दीवान चंद, भूपिंदर सिंघ, सनप्रीत सिंघ, परमजीत सिंघ, रविंदर पाल सिंघ, हरप्रीत सिंघ, दलजीत सिंघ, सतपाल सिंघ, जगमोहन सिंघ, मंजीत सिंघ सेठी, अमनदीप सिंघ, हरजीत सिंघ सिबल, हरजीत सिंघ सच्चर आदि रहे।

# हेल्थ कैंप में ब्रिटानियां की सैकड़ों महिला श्रमिकों की हुई जांच



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सिडकुल पंतनगर स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें फैक्ट्री में कार्यरत लगभग 500 महिला क्रमिकों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने महिला श्रमिकों को उनके संबंधित रोगों से बचाव की विस्तार से जानकारी देकर पौष्टिक आहार लेने व स्वच्छ वातावरण में रहने के प्रति जागरूक किया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों ने बताया महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण चक्कर आना कमजोरी थकावट व गर्भावस्था के दौरान विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दंत विशेषज्ञ ने कर्मचारियों के प्रशिक्षण में पाया कि तंबाकू व गुटके का सेवन ज्यादातर क्रमिकों द्वारा किया जा रहा था। जिसमें उन्हें परामर्श दिया गया कि तंबाकू के अत्यधिक सेवन से गंभीर रोग हो सकते हैं। गैर संचारी रोगों की भी जांच की गई जिसमें 32 महिलाओं के स्तन कैंसर का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही साथ मधुमेह में 186 परीक्षण किए गए। जिसमें काफी कर्मचारियों का मधुमेह का स्तर सामान्य सीमा से अधिक पाया गया। इसके पश्चात चिकित्सकों ने अत्यधिक देर तक खाली पेट ना रहने एवं अत्यधिक चीनी न लेने की सलाह दी एंव हर 3 महीने में इसकी नियमित जांच कराने को कहा। शिविर में जिला अस्पताल से पिंकी बोरा, कमला भट्ट, दशमेश कौर, डॉक्टर संजय रावत एवं डॉक्टर शहनाज आदि ने सहयोग किया। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के क्षेत्र समन्वयक अनुज सिन्हा ने बताया कि ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा पूर्व में भी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड में कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के हित में समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इसके अतिरिक्त नगर की पिछड़ी बस्तियों के साथ साथ गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं व किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नि:शुल्क शिविर आयोजित कर उन्हें स्वस्थ्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाती हैं। साथ ही उन्हें पोष्टिक आहार व बर्तन के साथ बेबी किट भी उपहार स्वरूप भेंट किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा आम जनता को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, नशा उन्मूलन, शिक्षा आदि के प्रति जागरूक किया जाता है। इस दौरान फैक्ट्री के एच आर हेड मुक्ता टंडन व एच आर ऑफिसर नवेदिता जोशी आदि ने ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के कार्यों के सराहना करते हुए फाउंडेशन के सभी सहयोगियों को उनके जनहित के कार्यों के लिए बधाई दी। इस मौके पर सुनीता गोस्वामी सहित फैक्ट्री के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# एएनटीएफ और काठगोदाम थाना पुलिस ने दबोचा स्मैक तस्कर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद में चलाए जा रहे नशा उन्मूलन अभियान के तहत एएनटीएफ और थाना काठगोदाम पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर रकसिया पुल के पास दमुआदूंगा, थाना काठगोदाम में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता चंद्र मोहन शाह पुत्र ललित मोहन शाह निवासी जवाहर ज्योति शिवपुरी दमुआदूंगा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 16 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान चंद्र मोहन ने बताया कि वह स्मैक के लिए बहेड़ी फाटक पर एक व्यक्ति से मिलता है और जिससे वह स्मैक खरीदकर लाता है। स्मैक लाकर वह काठगोदाम तथा मुखानी क्षेत्र में बेचता है और पैसे कमाता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम, उप निरीक्षक बलवंत कंबोज, जिला एएनटीएफ, उप निरीक्षक महेंद्र राज सिंह थाना काठगोदाम, कानि. अरविंद कार्की, अमनदीप सिंह, राजेंद्र जोशी व बसंत कुमार शामिल थे।



# आरएएन के विद्यार्थियों ने वॉलीबॉल में मारी बाजी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्तराखंड में आयोजित खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में राज्य स्तर पर चयन हुआ। खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का आयोजन हरिद्वार के स्पोर्ट्स स्टेडियम में 2 से 3 जनवरी तक किया गया जिसमें आर एन के विद्यार्थी कृतिका, अक्षरा जैन, प्रियंका मनोचा, रक्षित भट्ट ने जिला स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त किया और उनका चयन राज्य स्तर पर हुआ। विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय, संचालक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने अभिभावक गण को बच्चों की इस सफलता के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत गत दिवस कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक रिंकू बाबा के साथ देवी दयाल, अमित कुमार व ओम प्रकाश ने सौंपे ज्ञापन में कहा है कि विभिन्न मांगों को लेकर पहले चरण में देश के सभी जनपदों में ज्ञापन दिया है। 10 जनवरी को सभी जिलों के जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। तीसरे चरण में 14 जनवरी को सभी जिलों के जिलाधिकारी कार्यालय पर रेली प्रदर्शन होगा तथा 31 जनवरी को केन्द्रीय चुनाव आयोग कार्यालय, नई दिल्ली पर रैली निकाली जाएगी। भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा ईवीएम के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के तहत ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओं, और लोकतंत्र बच्चाओ अभियान के अंतर्गत भारत के सभी जिलों में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है।

# कायाकल्प पुरस्कार सम्मान में दिनेशपुर को मिली एक लाख की धनराशि

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत उततराखंड सरकार द्वारा मिलने वाले कायाकल्प अवार्ड से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को नवाजा गया। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिनेशपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। गुरुवार को आईआरडीटी ऑडियोटोरियम देहरादून में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड के तत्वाधान में आयोजित कायाकल्प सम्मान समारोह 2022-23 में स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत द्वारा उधम सिंह नगर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मनोज शर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप पाण्डेय, चिकित्सा अधीक्षक डा.संजीव सरना तथा फार्मोसिस्ट मोहन नाथ गोस्वामी को सम्मानित किया गया, दिनेशपुर के अन्तर्गत चयनित चिकित्सा इकाइयों के अधिकारियों को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रशस्त्र पत्र, शिल्ड व पुरस्कार राशि में एक लाख की धनराशि देकर सम्मानित किया। इनका चयन राज्य स्तरीय समिति के द्वारा आठ मानकों अस्पताल में सुविधाएं एवं रख-रखाव, स्वच्छता, कचरे का प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, हेल्प डेस्क की सेवाएं, स्वच्छता संवधन, साफ-सफाई एवं चाहरदीवारी तथा ईको फ्रेंडली चेक लिस्ट के आधार पर किया गया। इस उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गदरपुर के एवं परिधिगत चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकित्साकर्मियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया तथा भविष्य में अन्य चिकित्सालयों में कायाकल्प सम्मान को प्राप्त करने का संकल्प लिया गया।

# एनएसएस के शिविर भविष्य निर्माण में सहायक: शर्मा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आदित्यनाथ राजकीय झा इंटर कॉलेज रुद्रपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर जनजागरूकता के कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने शिरकत करते हुए स्वयं सेवियों से शिक्षा के साथ साथ संस्कारों को भी ग्रहण करने का संदेश दिया। समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विकास शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने एनएसएस शिविर के आयोजन की सराहना की। साथ ही कहा कि छात्र जीवन में व्यक्तित्व के निर्माण के लिए विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल होना जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में सहभागिता करने से व्यक्तित्व में निखार आता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के शिविर भविष्य निर्माण में सहायक होते हैं। स्वयंसेवियों को इस शिविर में मिलने वाला ज्ञान अपने साथियों के साथ साझा करना चाहिए। ऐसे शिविरों से छात्र- छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ समाज के बारे में जानने व उनकी समाज के प्रति क्या जिम्मेदारियां हैं, इसकी जानकारी हासिल होती है। युवाओं को ऐसे शिविरों का लाभ उठाकर अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहिए। साथ ही अनुशासन के दायरे में रहकर हमेशा भविष्य निर्माण के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। श्री शर्मा ने शिविरार्थियों को समाज व राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आहवान करते हुए कहा कि शिविर में जो भी ज्ञान उन्होनें हासिल किया है। उसे अपने जीवन में उतारें। तभी शिविर का उद्देश्य सार्थक होगा। शिविर में नशे के दुष्प्रभाव एवं मोबाइल के अधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विकास शर्मा का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि टिंकू तोमर, प्रधानाध्यापक दया शंकर पांडे, शिक्षक गण शर्मा जी, यतेंद्र यादव आदि अनेक शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने की टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में उत्तराखण्ड राज्य में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के



उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्य में वर्ष 2023 की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि अभी तक 9,922 नि-क्षय मित्र बनाये गए हैं। कुल 19,833 रोगियों को नि-क्षय मित्र द्वारा सहायता प्रदान की गई है। दिनांक 04 जनवरी, 2024 तक 2,252 ग्राम, 1012 ग्राम पंचायत एवं 61 शहरी वार्ड टीबी मुक्त सूचकांक को प्राप्त कर चुके हैं। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि माह नवंबर, 2023 तक टीबी के इलाज की सफलता दर में भारत सरकार से प्राप्त 85 प्रतिशत के लक्ष्य के सापेक्ष 87 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गई है।इस अवसर पर टीबी उन्मूलन लक्ष्य 2024 की प्राप्ति हेतु कार्ययोजना, टीबी मुक्त ब्लॉक कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों द्वारा बताया गया। राज्यपाल ने प्रदेश में टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों द्वारा इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य किया गया है उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अभी तक के किए गए प्रयासों को डाक्यूमेंट करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि विभाग द्वारा अब तक जो प्रयास किए गए हैं वह सराहनीय हैं और उसे जारी रखने की जरूरत है।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए राज्यपाल की प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन से यह सब संभव हो सका है। उन्होंने राज्यपाल की अध्यक्षता में सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की बैठक और पूरे प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर पांच बड़े सेमिनार आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत तक पांच हजार गांवों को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर.राजेश कुमार, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, अपर सचिव अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ.बिनीता शाह, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, प्रभारी अधिकारी क्षय उन्मूलन कार्यक्रम डॉ. पंकज भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने किया राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ



देहरादून(उद संववाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को बहुउद्देशीय क्रीडा हॉल, देहरादून में 5 दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने प्रत्येक विकास खण्ड कार्यालयों में युवाओं के कौशल विकास हेतु विवेकानंद यूथ कौशल विकास सेल तथा युवक मंगल दल/महिला मंगल दल हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष युवा महोत्सव की थीम यूथ एस जाब क्रिएटरर्स के अनुसार हमारे राज्य के युवा भी अब रोजगार पाने के साथ-साथ रोजगार देने वाले बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम राज्य में "चवतजे ब्नसजनतम को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं इसके लिए नई खेल नीति, नौकरियों मे खेल कोटा तथा "मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना" के अंतर्गत खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए राष्ट्रीय खेल सचिवालय का गठन किया गया है, जिससे इन खेलों का संचालन बेहतर रूप से हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य का भविष्य हमारे युवाओं की शक्ति पर निर्भर है, युवा ही भारत की असली ताकत है। हमारी सरकार अपने युवाओं के चहुंमुखी विकास और उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विधायक श्री खजान दास, कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, निदेशक युवा कल्याण श्री जितेन्द्र सोनकर सहित अन्य अधिकारी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# सेमल की लकड़ी के फेम से लदा हुआ वाहन पकड़ा

खटीमा (उद संवाददाता)। खटीमा रेंज के वन कार्मियों ने सेमल की लकड़ी के फेम से लदे वाहन को पकड़ कर वन विश्राम भवन में खड़ा कर दिया। वन कर्मी शुक्रवार को टेड़ाघट बैरियर वर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पिकअप वाहन (यूपी31-टी9530) को रूकने का इशारा किया तो चालक वाहन को खाटीमा की ओर तेजी से लेकर भागने लगा। इस दौरान वन कर्मियों ने पीछा कर वाहन को चारूबेटा पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिया। तलाशी लेने पर वाहन में सेमल की लकड़ी के फेम लदे थे। पूछताछ करने पर चालक कोई संतोषजनक जवाब नही दे पाया और न वह लकड़ी से सर्बंधित कोई वैद्य कागजात ही दिखा पाया। इस पर वाहन को अवैध रूप से लकड़ी के फ्रेम ले जाने के अरोप में कब्जे में लेकर वन विश्राम भवन में खड़ा करा दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। टीम ने वन दरोगा धन सिंह अधिकारी, जागेश वर्मा, जयवीर, पंकज अधिकारी , राम विलास शामिल रहे।

# दहेज उत्पीड़न मामले में चार के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक व्यत्तिफ ने अपने दामाद समेत बेटी के सास ससुर समेत चार लोगो केखिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम पैगा निवासी दर्शन सिंह पुत्र करनैल सिंह ने कहा है कि उसकी पुत्री गुरजीत कौर की शादी ग्राम इमलिया फार्म, तहसील लखीमपुर खीरी निवासी गुरपेज सिंह पुत्र भजन सिंह के साथ 24 जनवरी 2021 को हुई थी। शादी में उसने उपहार, 3 लाख रूपये नगद व 2 तौले सोना दिया था। परन्तु बेटी के ससुराली दहेज में बुलट मोटर साईकिल और दो लाख रुपए की नकदी की मांग की लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। इन लोगों ने उसकी गर्भवती बेटी को घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके मे रह रही है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति गुरपेज सिंह, ससुर भजन सिंह व सास परमजीत कौर व जेठ बलजीत सिंह कीं खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों ने सीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता) महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती बीना भंडारी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सहायिका मिनी कर्मचारी संगठन की जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर के नेतृत्व में कार्यकर्तियों ने एक ज्ञापन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में सौंपा। जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर ने बताया कि शासन के आदेश के बाद लाभार्थियों से उनके रजिस्ट्रेशन के नाम पर ओटीपी नंबर लिए जा रहे हैं जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सहयोग कर रही है लेकिन कई क्षेत्रों में लाभार्थियों के खातों से पैसे निकाले जाने की सूचना आई है और लाभार्थी भी ओटीपी देने से कतरा रहे हैं। इसलिए उनकी मांग है कि ओटीपी नंबर की बजाय



लाभार्थी के मोबाइल से ही रजिस्ट्रेशन का ऑप्शन आना चाहिए इसमें कार्य काशन का कोई रोल न हो। अगर किसी के साथ धोखाधड़ी होती है तो उसकी जिम्मेदारी विभाग की है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक बार ओटीपी नंबर लेने के बाद किसी तरह का कोई लेना-देना नहीं है। मनप्रीत कौर ने कहा कि हम लाभार्थियों से भी अपील करते हैं कि सिर्फ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ओटीपी नंबर दें और उसके बाद किसी का भी फोन आता है तो ओटीपी नंबर खाते की डिटेल इत्यादि नहीं दें अगर देते हैं तो उसकी जिम्मेदारी विभाग और शासन के साथ लाभार्थी की होगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का दोबारा इसे लेना देना नहीं होगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आवासीय कालोनी से युवती हुई लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्रांतर्गत एक आवासीय कालोनी से संदिग्ध परिस्थितियों में एक नाबालिग युवती घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को देते हुए एक युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर अगवा कर के जाने का संदेह व्यक्त किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। 19 दिसंबर को सायं करीब 4 बजे से उनकी 16 वर्षीय पुत्री घर से कुछ सामान आधार कार्ड, फोटो आदि लेकर हमें बिना बताये चली गयी है। उसकीअपने रिश्तेदारों में फोन कर उसके बारे में पूछा तो उसका कही पता नहीं चल रहा है। परिजनों ने बताया कि उन्हें शक है कि बरेली निवासी एक युवक उसको बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर गया है। पुलिस ने लापता युवती की खोजबीन शुरू कर दी है।

# आवास विकास क्षेत्र में चलाया अभियान, बिजली चोरी में चार नामजद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम द्वारा गत दिवस आवास विकास क्षेत्र में औचक अभियान चलाया गया। इस दौरान चार भवनों में विद्युत चोरी के मामले सामने आये । टीम ने मौके पर केबल कब्जे में लेकर चारों भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। जानकारी के अनुसार उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड प्रथम अंशुल मदान के नेतृत्व में विभागीय टीम ने निरीक्षण के दौरान आवास विकास निवासी जसवंत सिंह बेदी पुत्र लखविन्दर सिंह, ग्रीन पार्क निवासी हाल निवासी जगतपुरा सपना झाम पत्नी राजकुमार, आवास विकास निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र शेर सिंह तथा मनोज कुमार पुत्र मदन मोहन के भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े। एसडीओ अंशुल मदान की ओर से उक्त सभी आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

## पेज एक का शेष...

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रखी....** संस्कृति की शिक्षा के लिए वरदान साबित होगा। इससे भावी पीढ़ी संस्कारवान होकर देश का नव निर्माण करेगी और भारत का विश्व गुरू बनने का सपना साकार होगा। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि स्वामी दर्शनानन्द जी द्वारा 118 वर्ष पूर्व 3 बीघा भूमि, 3 ब्रह्मचारी तथा 3 चवन्नी से प्रारंभ गुरुकुल का नाम हमने स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर रखा है जो शिक्षा की क्रांति का बड़ा केन्द्र होगा। स्वामी जी महाराज ने कहा कि गुरुकुल ज्वालापुर की भूमि से एक नया इतिहास, नया कीर्तिमान रचा जाएगा।कहा कि यहाँ से तीन बड़े प्रकल्प संचालित होंगे जिसमें पहला लगभग 250 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला 7 मंजिला भव्य पतंजलि गुरुकुलम् होगा। इस गुरुकुल में लगभग 1500 विद्यार्थियों की आवासीय व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त यहाँ लगभग 250 करोड़ की लागत से आचार्यकुलम् की शाखा स्थापित की जाएगी जिसमें लगभग 5000 बच्चे डे-बोर्डिंग का लाभ ले सकेंगे। साथ ही यहाँ महर्षि दयानन्द अतिथि भवन बनाने की भी योजना है।स्वामी जी ने कहा कि यहाँ बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ वो संस्कार दिए जाएँगे जिससे वे अपनी संस्कृति व अपनी जड़ों से जुड़ सकें। पूरे देश में सनातन के गौरव का कालखण्ड चल रहा है। एक ओर सनातन का बोध, भारत का बोध और दूसरी तरफ आधुनिक विषयों का बोध , यानि देश की सर्वश्रेष्ट आध्यात्मिक शिक्षा, सनातन की शिक्षा, भारत बोध, चरित्र निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण का, गौरव व स्वाभिमान का भाव बच्चों के भीतर जागृत किया जाएगा। स्वामी जी ने कहा कि यहाँ श्रेष्ठतम आधुनिक शिक्षा और श्रेष्ठतम प्राच्य विद्या दोनों का संगम होगा। हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत से लेकर कम से कम विश्व की 5 भाषाओं का बोध पतंजलि गुरुकुलम् व आचार्यकुलम् के बच्चों को होगा। स्वामी जी ने बताया कि यहाँ 1 से 2 वर्ष के भीतर एक कम्यूनिटी सेन्टर बनाया जाएगा जिसका लाभ हरिद्वार के लोगों को मिलेगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक चौहान, पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, पतंजलि ग्रामोद्योग के महामंत्री डॉ. यशदेव शास्त्री, पतंजलि फूड्स लि. के एम.डी. रामभरत, पतंजलि विश्वविद्यालय की कुलानुशासिका साध्वी देवप्रिया, आचार्यकुलम् की उपाध्यक्षा बहन ऋतम्भरा, क्रय समिति की अध्यक्षा बहन अंशुल, संप्रेषण विभाग प्रमुख बहन पारूल, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन.पी. सिंह, पतंजलि योग समिति के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश 'भारत' व स्वामी परमार्थदेव, पतंजलि योगपीठ के मुख्य महाप्रबंधक ब्रिगेडियर टी.सी. मल्होत्रा, उपाध्यक्ष-प्रोजेक्ट एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर शिवा प्रसाद गौरू, अनिल गोयल, क्षेत्रपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।इससे पूर्व जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया तथा केंद्र पोषितयोजनाओं के बारे में उनसे चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी देवभूमि आगमन पर स्वागत किया।

**होटल में विदेशी महिला का.........**फोन बंद आ रहा था। तब से उसके साथी उसकी तलाश कर रहे थे। एसुल्लयू करमानालिवा के लापता होने की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस ने उसे खोजना शुरू किया। इसी बीच राज रिजॉर्ट प्रबंधन ने पुलिस को उनके होटल के कमरे में एक विदेशी महिला की लाश मिलने की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की तो शव की पहचान लापता एसुल्लयू करमानालिवा के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि होटल राज रिजॉर्ट में विदेशी महिला एसुल्लयू करमानालिवा की कोई एंट्री नहीं है। संभावना जताई जा रही है कि महिला घूमते-घूमते होटल पहुंची थी। होटल कर्मियों का कहना है कि होटल के कमरे बंद नहीं रहते शायद ऐसे में महिला होटल के कमरे में चली गई होगी। लेकिन फिर महिला यहां कैसे आई और कब आई इस बारे में किसी को भी कोई जानकारी नहीं है।

**युवक ने गर्ल फ्रैण्ड पर........**रूप में हुई। पूछताछ में पता चला है कि युवती ने युवक से संपर्क तोड़ दिया था। जिससे युवक नाराज हो गया और सबक सिखाने की ठान ली थी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध युवती पर तेजाब डालने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

**घर का ताला तोड़कर ....**गए। चोरी की सूचना उसे पड़ोसियों ने दी। इस पर उसने तत्काल 112 के माध्यम से पुलिस को अवगत कराया गया। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा सिडकुल का लेखाकार गया, टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आर.एम. सिडकुल सितारगंज के लेखाकार उमेश कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। अचानक हुई गिरफ्तारी के बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया। मानकों को ताक पर रखकर चल रही है राइस मिल ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बॉयलर में भूसी डालने के लिए मृतक नीचे से भूसी निकाल रहा था क्योंकि इन दोनों भूसी में ऊपर से नमी आ जाती है। आशंका जताई गई कि नीचे से भूसी निकलती हुए ढेर अचानक भर भर कर मजदूर पर गिरा होगा और उसके नीचे दबकर उसकी मौत हो गई।

**लाखों की धोखाधड़ी कर......**जमीन नही है और उक्त खतौनी फर्जी है। आरोप है शंकर सिंह एवं उसके पुत्र अजय सिंह ने आपस में सांठगांठ कर उसके साथ धोखाधड़ी कर धनराशि हड़प ली। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**महिला पुलिस कर्मी से......** पडेंगे । उक्त व्यक्ति के अनुसार दिये गये खातों में 50 हजार रूपये एवं 45694 रूपये साईबर कैफे के माध्यम से जमा किये गये । उक्त के पश्चात भी उसे पाँलिसी की धनराशि प्राप्त नही हुयी । पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकमदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**भूसी की ढेर में दबकर.....**पता चला आनन फानन में मृतक के शव को भूसी की ढेर से बाहर निकाला गया। शाम लगभग 4 बजे के करीब घटित हुई घटना की सूचना पुलिस को रात्रि लगभग 8:45 बजे दी गई। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक के दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। उसके दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। लगभग चार माह पूर्व प्रसव के दौरान उसके एक पुत्री की मौत हो गई। मृतक के दोनों पुत्र अभी अविवाहित है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के भांजे हिमांशु शर्मा ने पीएम हाउस में उत्तरांचल दर्पण संवाददाता से बातचीत करते हुए बताया कि घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा तत्काल मृतक के कपड़े टिफिन और साइकिल आदि गायब कर दिए गए। फैक्ट्री प्रबंधन वहां से भाग निकला। हिमांशु ने कहा कि यह हादसा नहीं फैक्ट्री प्रबंधन की घोर लापरवाही के कारण घटित हुई ऐसी घटना है जिसके लिए फैक्ट्री प्रबंधन को कानून के कटघरे में होना चाहिए। हिमांशु ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।इसके अलावा दिहाड़ी के नाम पर 250 से 300 प्रतिदिन मजदूरी देकर 12 घंटे काम कराने का आरोप है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बदमाशों का आतंक: खटीमा में नाकेबंदी, जंगलों में छानबीन

## भारामल मंदिर में घुसकर महंत हरि गिरी महाराज और सेवादार की हत्या से फैली सनसनी, जिंदा बचे नन्हे से पूछताछ





- दानपात्र से लाखों की नगदी लूटकर तीन बदमाश फरार ,कई घंटों बाद मिली हत्याकांड की खबर ,हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस की कई टीमें
- 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर में पहुंचकर अधिकारियों के साथ की थी भंडारे में सेवा, बाबा ने दिया था आशीर्वाद


सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ बाबा भारामल धाम मंदिर के महंत बाबा हरि गिरि महाराज । (फाईल फोटो)

खटीमा। उधम सिंह नगर जनपद के खटीमा क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बाबा भारामल धाम मंदिर के महंत बाबा हरि गिरि महाराज और एक अन्य की हत्या कर दी गई है। प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र खटीमा के मंदिर में घुसकर लूटपाट करने और दोहरे हत्याकांड की घटना से जहां प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है वहीं क्षेत्र में बदमाशों के आतंक को लेकर प्रदेश की कानून व्यवस्था को भी खुली चुनौती मिल रही हैं। शुक्रवार को उत्तराखंड के खटीमा में एक मंदिर में बाबा और सेवक की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। वहीं एक सेवक को बदमाश मरा समझकर छोड़कर भाग गए। शुक्रवार को दोपहर बाद हत्याकांड की खबर पूरे प्रदेश में फैल गई। वहीं पुलिस और प्रशासन में भी हड़कंप मचा हुआ है। हत्याकांड की सूचना मिलने पर क्षेत्र की पुलिस के साथ अधिकारी भी मंदिर पहुंच गये हैं पूरे क्षेत्र की नाकेबंदी कर घटना की छानबीन शुरू कर दी गई हैं । वहीं सिद्ध बाबा हरि गिरी जी महाराज की मौत पर सीएम पुष्कर सिंह धाामी ने शोक संवेदना व्यक्त की है। सीएम धाामी ने मठ मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश देते हुए पुलिस प्रशासन को हमले में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। वहीं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि खटीमा में बाबा भारामल मंदिर के मुख्य महंत स्वर्गीय हरि गिरी जी महाराज और उनके सेवादार की निर्मम हत्या कर दी गई जो की शर्मनाक है द्ययह आध्यात्मिक जगत के साथ ही सम्पूर्ण समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। मेरी श्री हरि से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। बताया जा रहा है कि खटीमा के सुरई रेंज स्थित भारामल मंदिर में बाबा और सेवक की बीती रात लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक बाबा हरीगिरि महाराज और सेवक रूपा का शव मंदिर परिसर में बरामद किया गया। घायल दूसरा सेवक नन्हे खटीमा नागरिक अस्पताल में भर्ती है। एसडीएम और एएसपी घटना स्थल पर पहुंचे। हत्याकांड की वजह अभी पता नहीं है। सेवादार घायल नन्हे बाबा ने बताया कि गुरुवार की देर रात लगभग 12 बजे के आसपास तीन लोगों ने हमले को अंजाम दिया। हमले के वक्त आश्रम में बाबा हरी गिरी महाराज और सेवादार नन्हे बाबा के साथ दो अन्य लोग मौजूद थे। सभी लोग सो रहे थे। इसी दौरान सोते हुए लोगों पर ही एकाएक लाठी डंडों से जबरदस्त हमला किया गया। इसमें आश्रम के मुख्य महंत बाबा हरि गिरि महाराज और मानसिक रोगी युवक रूपा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं आश्रम में रुका दूसरा मानसिक रोगी जगदीश हमले के समय जाग चुका था। हमले की दहशत के चलते अपनी जान बचाने के लिए घने जंगल में भाग गया। वहीं आवाज सुनकर जाग चुके सेवादार नन्हे बाबा पर भी हमला कर दिया। इससे वो बेहोश हो गए और हमलावरों उन्हें मरा हुआ समझ कर छोड़कर भाग गए। भारामल धाम में महंत हरि गिरी महाराज की हत्या, 27 दिसंबर को सीएम धामी भी आाये थे मंदिर, भंडारे में की थी सेवा सिद्ध बाबा भारामल समाधि धाम में स्थानीय लोगों की बहुत आस्था है। यहां तक की उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बाबा के धाम में बहुत आस्था रखते हैं। बीती 27 दिसंबर को धाम में हुए भंडारे में मुख्यमंत्री धामी ने हाजिरी लगा कर सेवा की थी। ऐसे में धाम में हुई यह यह घटना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। वारदात की जांच के लिए फोरेंसिक टीम भी पहुंची। वहीं घटना में घायल हुए सेवादार नन्हे बाबा को उपचार के लिए खटीमा के नागरिक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत अब स्थिर है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच में वन विभाग द्वारा लगाए गए कैमरा ट्रेप, डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम की मदद से एविडेंस कलेक्ट किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टि में यह लग रहा है कि लूटपाट की नियत से इस घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं मौके पर पहुंचे खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने भी इस घटना पर रोष जताते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होने कहा कि हत्याकांड में शमिल अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाये। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने बाबा के एक शिष्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया जबकि दूसरे ने छिपकर जान बचाई। बदमाशों ने मंदिर के दोनों दानपत्रों के साथ ही बाबा के पास की नगदी भी ले गए। पुलिस ने घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया है और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर घटना से मंदिर परिसर में मृतक के परिजनों की चीख पुकार मची रही। बाबा भारामल मंदिर पर गुरुवार अधरात्रि के बाद आए तीन नकाबपोश बदमाश मंदिर की चहारदीवारी फांदकर परिसर में घुसे। उन्होंने मंदिर परिसर स्थित अपनी कुटिया में सो रहे बाबा हरिगिरी (60) पर लाठी डंडों से हमला बोल नगदी छीन ली और बाबा से पूछते रहे कि और बाकी पैसे कहा हैं। बाबा की चीख पुकार सुनकर मंदिर के दूसरी ओर सो रहे शिष्य नन्हे उस ओर दौड़ा तो बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह मुंह के बल गिर गया। उसे मरा समझ बदमाशों ने मंदिर परिसर के टिनशेड में सो रहे रूप सिंह 48 पुत्र फकीर सिंह पर हमला कर उसे घायल कर दिया। जबकि मंदिर में मौजूद चौथा व्यक्ति जगदीश हमलावरों को देख वहां से भागकर छिप गया। बदमाश मंदिर के दो दानपात्रों और बाबा हरिगिरि से छीनी नगदी लेकर फरार हो गए। बाबा भारमल मंदिर परिसर में हुई घटना का लोगों को तब पता चला जब शुक्रवार सुबह मंदिर परिसर में घायल पड़े लोगों को वन कर्मियों ने देखा और और उन्होंने ग्राम चौकीदार को सूचना दी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और झनकईया प्रभारी थानाध्यक्ष प्रदीप शर्मा दल बल के साथ भारमल मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि मुख्य पुजारी बाबा हरि गिरि महाराज और रूप सिंह की मौत हो चुकी थी। जबकि नन्हे गंभीर रूप से घायल था। उसे तत्काल नागरिक चिकित्सालय भेजा गया। बाबा भारामल के पुजारी की हत्या की खबर क्षेत्र में फैलते ही मंदिर परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई। जिसे संभालने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। यह भीड़ तब तक वहां जमी रही जब तक कि शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेज दिए गए। वहीं घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट ने अस्पताल में घायल नन्हें का हाल जाना और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बदमाशों की धड़पकड़ के लिए खटीमा की सीमाओं पर नाकेबंदी कर तलाश के लिए कई टीमें लगा दी है। वन विभाग की टीमें भी जंगल में कॉबिंग करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा कि बदमाशों को हर हाल में दबोचने के लिए प्रयास किये जा रहे है। घटना का शीघ्र खुलासा किया जायेगा। इस दौरान सीईओ वीर सिंह, कोतवाल प्रकाश सिंह दानू भी मौके पर मौजूद रहे।

# जु-जित्सू मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों ने सीखे दांव पेंच

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान एवं दक्ष स्पोर्ट्स अकैडमी, नानकमत्ता के सौजन्य से नानकमत्ता शहर में एक दिवसीय जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ।प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नवीन अटवाल, दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेड़ा व जिला जु-जित्सू संघ के महासचिव ऋषि पाल भारती, एशियन खिलाडी कमल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने, और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। साथ ही दक्ष स्पोर्ट्स अकैडमी नानकमत्ता के खिलाड़ी लगातार राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहे हैं। और उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को उजागर करने हेतु जिला जु-जित्सू संघ द्वारा सजक प्रयास किए जा रहे है। महासचिव ऋषि पाल भारती ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय एवं एशियन जु-जित्सू प्रतियोगिताओ हेतु जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में जिला जु-जित्सू संघ द्वारा खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन हेतु जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक सचिव सिहान किशोर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में जनपद के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। एवं शिविर में एशियन खिलाड़ी कमल सिंह ने खिलाड़ियों को जु-जित्सू नेखवाजा, अभिषेक राजपूत ने जुजित्सू कॉन्टैक्ट एवं हैप्पी सिंह व बलविंदर सिंह गिल द्वारा फाइटिंग इवेंट्स में इस्तेमाल की जाने वाली प्रमुख तकनीकों एवं थ्रो का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी खिल्दियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा, सुखदेव सिंह, राजीव राना, देवेंद्र सिंह रावत, हिमा भट्ट, वसीम खान, केनाथ लाल, कृष्ण कुमार, यतेंद्र कुमार, पूजा तरागी, प्रिया विश्वास, अजय शर्मा, कंचन बसेरा सहित अन्य अभिभावक लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


